**International Journal of Research in Social Sciences**
Vol. 9 Issue 5, May 2019,
ISSN: 2249-2496 Impact Factor: 7.081
Journal Homepage: http://www.ijmra.us, Email: editorijmie@gmail.com
Double-Blind Peer Reviewed Refereed Open Access ell as in Cabell's Directories of Publishing Opportunities, U.S.A

# "प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत रोजगार लक्ष्य प्राप्ति का अध्ययन" (ग्वालियर संभाग के विशेष संदर्भ में)

**रवि सैनी**
पीएच.डी. शोधार्थी (वाणिज्य संकाय)
वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययनशाला
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

**सार :-**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की शुरूआत कौशल प्रशिक्षण द्वारा रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिये की गई हे। इस योजना के अंतर्गत लघु अवधि के प्रशिक्षण, विशेष प्रयोजना, पूर्व ज्ञान की मान्यता तथा रोजगार व कौशल मेलों के आयोजन द्वारा युवाओं की रोजगार प्राप्ति में सहायता की जाती है। प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये सरकार द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों को उचित राशि प्रदान की जाती हैं। ताकि ये प्रशिक्षण केन्द्र युवाओं को उचित प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। इस प्रकार इन प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार प्रदान करने के लक्ष्य के निर्धारण के लिये ही प्रस्तुत शोध-पत्र को तैयार किया गया हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में ग्वालियर संभाग के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों के प्लेसमेंट प्रदर्शन (रोजगार लक्ष्य) का प्रस्तुतीकरण किया गया है। इस योजना की प्रभावशीलता की जानकारी द्वारा इस योजना के संबंध में सरकार को उचित आंकड़ों की प्राप्ति हो सकेगी।

**शब्द कुंजी :-**

लघु अवधि के प्रशिक्षण, पूर्व ज्ञान की मान्यता, रोजगार व कौशल मेला, प्लेसमेंट प्रदर्शन (रोजगार लक्ष्य) ।

## प्रस्तावना :-

केन्द्र सरकार द्वारा 15 मार्च 2015 को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना को मंजूरी दी गई परन्तु इसकी औपचारिक शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर की गई। इस योजना के क्रियान्वयन का कार्य राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा किया जाता है, जो कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के नियंत्रण में कार्य करता है। वैसे तो यह योजना सम्पूर्ण देश में संचालित की जा रही है, परन्तु प्रस्तुत शोध-पत्र में ग्वालियर संभाग का ही अध्ययन किया गया है, ग्वालियर संभाग मध्यप्रदेश राज्य में स्थित है इस संभाग में अशोक नगर,

दतिया, गुना, ग्वालियर व शिवुपरी जिले शामिल है। प्रस्तुत अध्ययन में इन सभी जिलों में प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा की गई रोजगार लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके युवाओं को वेतनभोगी या स्वरोजगार के योग्य बनाने का प्रयास किया जाता है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण के लिये युवाओं को आकर्षित करने के लिये 500-8000 रूपयें तक कि राशि पुरस्कार स्वरूप प्रशिक्षाणार्थियों के सीधे बैंक खातें में जमा की जाती है। पुरस्कार राशि प्रशिक्षण क्षेत्र की प्रकृति के अनुसार प्रदान की जाती है। तकनीशियन व भारी कार्यों के लिये अधिक राशि जबकि अन्य कार्यों के लिये कम राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत पूर्व ज्ञान की मान्यता (RPL), लघु अवधि का प्रशिक्षण, विशेष परियोजना, कौशल, व रोजगार मेला प्लेसमेंट दिशा निर्देश, निगरानी दिशा निर्देशों की पालन करते हुये प्रशिक्षण दिया जाता है। पूर्व ज्ञान की मान्यता के अंतर्गत गैर संगठित क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को 1-2 दिन का लघु प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षाणर्थियों के वर्तमान ज्ञान में राष्ट्रीय कौशल गुणवत्ता संरचना के नियम को ध्यान में रखकर सुधार करते हुये कौशल प्रदान किया जाता है, तत्पश्चात प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है लघु अवधि के प्रशिक्षण के अंतर्गत 150 से 300 घंटों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यह अवधि कार्य क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग हो सकती है। प्रशिक्षणार्थियों का सफलतापूर्वक मूल्यांकन के पश्चात रोजगार प्राप्ति में उनकी सहायता की जाती हैं। विशेष परियोजना प्रशिक्षण के अन्तर्गत किन्हीं विशेष क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करके युवाओं के कोशल में वृद्धि की जाती है। कौशल व रोजगार मेला के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाताओं के द्वारा प्रत्येक 6 माह में कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये कौशल मेला व रोजगार दिशा निर्देशों के अंतर्गत अर्द्धवार्षिक रूप से कौशल मेले का अयोजन कराया जाता है। प्लेसमेंट दिशा निर्देश के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार प्राप्ति में सहायता प्रदान की जाती हैं। निगरानी दिशा निर्देशों के अंतर्गत कौशल विकास प्रबंधन प्रणाली (SDMS) द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों सहित सम्पूर्ण प्रक्रिया का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता हैं।

**अध्ययन का उद्देश्य :-**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा किये गये प्लेसमेंट प्रदर्शन की जॉच करना।

**शोध प्रविधि :-**

प्रस्तुत शोध पत्रों में समंकों का संकलन द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किया गया है। इसके लिये कुछ शोध पत्र, वेबसाइट व समाचार पत्रों का प्रयोग किया गया है।

रोजगार लक्ष्य संबंधी जानकारी को उचित सारणियों द्वारा सरल व बोधगम्य रूप से प्रदर्शित किया गया है।

**अध्ययन का विश्लेषण :-**

अध्ययन के विश्लेषण भाग में ग्वालियर संभाग के सभी जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी का प्रस्तुतीकरण किया गया है। रोजगार लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी प्लेसमेंट लक्ष्यों द्वारा प्राप्त की गई है। इसके लिये प्लेसमेंट लक्ष्यों को 6 श्रेणियों में बांटा गया है।

**श्रेणी A** :- इस श्रेणी में उन प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल करते हैं जिन्होंने एक महिने की अवधि में रोजगार प्रतिवेदन में 70 प्रतिशत से अधिक प्लेसमेंट की रिपोर्ट प्रस्तुत की है साथ ही प्रशिक्षण केन्द्र स्तर का सत्यापन कराया है। साथ ही उन प्रशिक्षण केन्द्रों को भी इसमें शामिल करते हैं जो पिछले तीन महीनों से E श्रेणी में है। और सत्यापन की प्रतिक्षा कर रहे हैं।

**श्रेणी -B** :- इसमें उन प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल करते है जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक नियुक्ति की सूचना तो प्रदान की हैं पर 1 माह के रोजगार प्रतिवेदन के साथ प्रशिक्षण केन्द्रों के सत्यापन की सूचना अभी तक प्रदान नहीं की है।

**श्रेणी -C** :- इसमें उन प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल करते हैं जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक नियुक्ति की सूचना प्रदान की है साथ ही 1 माह की अवधि के रोजगार प्रतिवेदन के साथ प्रशिक्षण केन्द्रों के सत्यापन की सूचना भी दी है।

**श्रेणी D** :- इसमें उन पुराने प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल करते हैं। जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक नियुक्ति की सूचना तो दी है, परन्तु 1 माह की अवधि के रोजगार प्रतिवेदन के साथ प्रशिक्षण केन्द्र के सत्यापन की जानकारी नहीं दी हैं।

**श्रेणी E** :- इसमें उन प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल किया जाता है। जो गति तिमाही में **A** श्रेणी के अंतर्गत शामिल किये गये थे, परन्तु प्लेसमेंट व दस्तावेजों के सत्यापन में असफल सिद्धि हुये थे।

**श्रेणी F** :- इसमें उन प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल करते हैं। जिनके लिये पी.एफ. कौशल केन्द्रों व सरकार के बीच समझौता किया गया है।

**ग्वालियर संभाग के प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी :-**

अशोक नगर जिले में प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी

| क्रसं. | प्रशिक्षण साझेदारी | प्रशिक्षण केन्द्र | प्लेसमेंट प्रदर्शन | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आईसेट कौशल मिशन | आईसेट प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र | 62.8 % | एफ |

**दतिया जिले में प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी**

| क्रसं. | प्रशिक्षण साझेदारी | प्रशिक्षण केन्द्र | प्लेसमेंट प्रदर्शन | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पॉवर टू एम्पॉवर स्किल्स प्रा. लिमिटेड | रमन प्रशिक्षण संस्थान | 71.2% | डी |
| 2 | पॉवर टू एम्पॉवर स्किल्स प्रा. लिमिटेड | अहम् कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान | 71.3% | डी |
| 3 | श्री शिक्षा प्रसार एवंम जनकल्याण समिति | श्री शिक्षा प्रसार एवं जनकल्याण समिति | 15.6% | ई |
| 4 | राज सेवा संस्थान जहानपुर | राज सेवा संस्थान धौलपुर | 41.6% | ई |
| 5 | राज सेवा संस्थान जहानपुर | राज सेवा संस्थान दतिया | 0.0% | ई |
| 6 | महेन्द्र कौशल प्रशिक्षण एवं विकास प्रा.लि. | प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र दतिया | 70.9% | एफ |

**गुना जिले में प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी-**

| क्रंसं. | प्रशिक्षण साझेदारी | प्रशिक्षण केन्द्र | प्लेसमेंट प्रदर्शन | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आईएल एंड एफएस कौशल विकास निगम लिमिटेड | आईएसएस @ ग्रेपिक्स इंस्टीटयूट | 21.2% | ई |
| 2 | स्किल रूट शिक्षा तकनीकी कंसल्टिंग इंडिया प्रा. लिमिटेड | स्किल रूट गुना | 72.7% | बी |
| 3 | समर्थ जन कल्याण समिति अष्ट | युवा शिक्षा केन्द्र | 0.0% | ई |
| 4 | समर्थ जन कल्याण समिति अष्ट | युवा कौशल प्रचारक केन्द्र | 0.0% | ई. |
| 5 | महेन्द्र कौशल प्रशिक्षण एवं विकास प्रा.लिमिटेड | प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र गुना | 77.9% | एफ |
| 6 | श्री श्री कम्प्यूटर | एसीएम स्मार्ट लाईन लिमिटेड गुना | 0.0% | ई |

**ग्वालियर जिले में प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी-**

| क्रंसं. | प्रशिक्षण साझेदारी | प्रशिक्षण केन्द्र | प्लेसमेंट प्रदर्शन | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पार्शव एजुकेशन एण्ड पब्लिक वैलफेयर कमेटी | ई ब्रिज टेक्नोक्रेटस प्रायवेट लिमिटेड | 27.0% | ई |
| 2 | पॉवर एम्पॉवर स्किल्स प्रा. लिमिटेड | बालाजी प्रशिक्षण संस्थान | 72.4% | ई |
| 3 | श्री रघुनाथ शिक्षा और समाज कल्याण समिति | बालाजी प्रशिक्षण संस्थान | 86.9% | बी |
| 4 | शानदार कम्प्यूटर संस्थान | बालाजी प्रशिक्षण संस्थान | 73.8% | बी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | ऑल इंण्डिया इंस्टीटयूट ऑफ रूरल ओपन स्कूलिंग | एलएस प्रशिक्षण केन्द्र | 80.2% | बी |
| 6 | पावर टू एम्पॉवर स्किल्स प्रा. लिमिटेड | अह्म कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान | 75.9% | ई |
| 7 | स्मार्ट ब्राण्ड इंजीनियर्स और टेक्नोलॉजिस्ट प्रा.लि. | स्मार्ट ब्रेन ग्वालियर | 0.0% | ई |
| 8 | स्टार स्किल एण्ड एजुकेशन | गायत्री ऑटो इंडस्ट्रीज | 1.1% | ई |
| 9. | मोजेके नेटवर्क प्रा.लि. | अकवती हजीरा ग्वालियर | 2.4% | ई |
| 10 | स्टार स्किल एंड एजुकेशन | डीप फाउंडेशन | 13.6% | डी |
| 11 | मोजेक नेटवर्क प्रा.लि. | अकवती बहोड़ापुर | 7.4% | डी |
| 12 | पावर टू एम्पॉवर लि. | अहम् कौशल विकास प्रा. लि. | 61.1% | डी |
| 13 | पावर टू एम्पॉवर लि. | अहम कौशल विकास प्रा. लिमिटेड | 60.2% | डी |
| 14 | पावर टू एम्पॉवर लि. | सांई बाबा प्रशिक्षण संस्थान | 0.0% | डी |
| 15 | माईक्रोनेट | माईक्रोनेट न्यूमेरिक इंकोसिस्टम प्रा.लि. | 31.5% | डी |
| 16 | मोर्जक नेटवर्क प्रा.लि. | अकवती अकबरपुर ग्वालियर | 2.7% | डी |
| 17 | आसियान शिक्षा प्रसार समिति | अकवती अकबरपुर ग्वालियर | 55.3% | ई |
| 18 | आरआर एस (इंडिया) | अकवती अकबरपुर | 59.0% | ई. |

**International Journal of Research in Social Sciences**
Vol. 9 Issue 5, May 2019,
ISSN: 2249-2496 Impact Factor: 7.081
Journal Homepage: http://www.ijmra.us, Email: editorijmie@gmail.com
Double-Blind Peer Reviewed Refereed Open Access ell as in Cabell's Directories of Publishing Opportunities, U.S.A

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सुरक्षा सेवा प्रा.लि. | ग्वालियर | | |
| 19 | आईटीआर सी तकनीशियन प्रा. लि. | अकवती अकबरपुर ग्वालियर | 0.0% | ई. |
| 20 | ऐम एचीवर्स | एआईएमए कौशल प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर | 85.5% | ई |
| 21 | श्री रघुनाथ शिक्षा और समाज कल्याण समिति | एआईएमए कौशल प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर | 95.6% | ई |

**शिवपुरी जिले में प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य प्राप्ति संबंधी जानकारी -**

| क्रसं. | प्रशिक्षण साझेदारी | प्रशिक्षण केन्द्र | प्लेसमेंट प्रदर्शन | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रीन पार्क कौशल फाउन्डेशन | ग्रीन पार्क ब्रेयर्ड | 84.6% | ए |
| 2 | सामाजिक शिक्षा और कल्याण संघ | कैरियर आयाम संस्थान | 74.9% | बी |
| 3 | इंडिया नियर्स मीडिया प्रा.लि. | IMSP 95 मीठा प्रशिक्षण केन्द्र | 79.9% | डी |
| 4 | पॉवर एम्पॉवर स्किल्स प्रा.लि. | किफीनेट प्रशिक्षण संस्थान | 58.7% | ई |
| 5 | श्री विनायक क्रिएटिव फैशन्स प्रा.लि. | श्री विनायक शिवपुरी | 56.9% | ई. |
| 6 | राज्य सेवा संस्थान जहानपुर धौलपुर | राज सेवा संस्थान करैरा | 32.4% | ई |
| 7 | कुशवाह शिक्षा प्रसार समिति | कुशवाह शिक्षा प्रसार समिति पोहरी | 89.7% | ई |
| 8. | आईआई टीसी कॉलेज करेरा | आईआईटीसी कॉलेज करेरा | 76.3% | ई |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | रूरल फाउन्डेशन | रूरल फाउन्डेशन शिवपुरी | 0.0% | ई |

**निष्कर्ष :-**

ग्वालियर संभाग के रोजगार लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी से संबंधित सारणियों के विस्तृत विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अधिकतर प्रशिक्षण केन्द्रों का प्लेसमेंट प्रदर्शन (रोजगार प्राप्ति) अच्छा रहा है। अत: इससे स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत ग्वालियर संभाग के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा रोजगार लक्ष्य को प्राप्त किया गया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची -**

1. Joshi A.K., ed. Pandey K.N. (2020). Awareness Perceptions and youth mobilization towards Pmkvy Training in Haryana . IJM Publication . ISSN : 0976-6502, Volume-11, ISSUE 11
2. Rinku, ed. Kamlesh (2021). Role of Pmkvy in Promoting employability skills in Haryana State. IJEBHB Publication. ISSN : 82693-1478, Volume-2 Issue 1.
3. https:// Pmkvy offical.org
4. https://scholar.google.com
5. https://economictimes.indiatimes.com